**भारत सरकार**

**पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं० 2887

दिनांक 12.12.2016 को उत्तर दिए जाने के लिए

## शुद्ध जलापूर्ति सेवाएं

**2887. श्री रिपुन बोराः**

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा देश भर में दीर्घकालिक तौर पर शुद्ध जलापूर्ति सेवाएं प्रदान करने हेतु की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने अब तक देश के संदूषक प्रभावित क्षेत्रों की पहचान कर ली है; और

(ग) सरकार द्वारा स्वच्छता और वहां शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के संबंध में क्या कार्रवाई की गई है और इसकी लक्षित समय–सीमा क्या है?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**

**(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)**

(क) पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय संबंधित राज्य सरकारों के माध्यम से, देशभर में निरंतर एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय प्रायोजित राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) को शासित करता है। एनआरडीडब्लूपी अधिमानत: सतही जल निकायों से नल जल आपूर्ति उपलब्ध कराने को बढ़ावा देता है।

(ख) दिनांक 07/12/2016 तक जिन जल गुणवत्ता प्रभावित बसावटों को अभी सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाना है, उनका राज्यवार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ग) यह मंत्रालय केंद्रीय प्रायोजित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) कार्यक्रम को भी शासित करता है जिसका लक्ष्य 2 अक्टूबर, 2019 से पूर्व ग्रामीण भारत को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बनाना है। एनआरडीडब्लूपी दिशानिर्देश की रणनीतिक योजना के अनुसार, वर्ष 2022 तक कम से कम 90% ग्रामीण परिवारों को पर्याप्त निधियों की उपलब्धता की शर्त के अधीन नल जलापूर्ति उपलब्ध कराया जाना है।

**दिनांक 12/12/2016 को उत्तर दिए जाने हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2887 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I**

**मंत्रालय की आईएमआईएस पर राज्यों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार दिनांक 07/12/2016 तक जल गुणवत्ता प्रभावित बसावटों की राज्य-वार संख्या**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | बसावटों की संदूषण-वार संख्या | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | फ्लोराइड | आर्सेनिक | लौह | लवणता | नाइट्रेट | भारी धातु | कुल |
| | | बसावटें | बसावटें | बसावटें | बसावटें | बसावटें | बसावटें | बसावटें |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 447 | 0 | 0 | 71 | 4 | 0 | 522 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 343 | 47 | 0 | 0 | 0 | 390 |
| 4 | असम | 155 | 3726 | 6350 | 0 | 0 | 6 | 10237 |
| 5 | बिहार | 1020 | 1077 | 2571 | 1 | 4 | 0 | 4673 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 75 | 0 | 774 | 3 | 1 | 0 | 853 |
| 8 | दादरा एवं नगर हवेली | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | दमन एवं दीव | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | गोवा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | गुजरात | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | हरियाणा | 197 | 45 | 0 | 8 | 0 | 0 | 250 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 157 | 0 | 0 | 0 | 0 | 157 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 0 | 7 | 4 | 0 | 0 | 0 | 11 |
| 15 | झारखंड | 998 | 130 | 2061 | 1 | 6 | 0 | 3196 |
| 16 | कर्नाटक | 970 | 21 | 102 | 75 | 510 | 1 | 1679 |
| 17 | केरल | 73 | 3 | 223 | 103 | 37 | 0 | 439 |
| 18 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 109 | 418 | 5 | 12 | 0 | 0 | 544 |
| 20 | महाराष्ट्र | 98 | 1 | 21 | 150 | 108 | 0 | 378 |
| 21 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 22 | मेघालय | 0 | 1 | 10 | 0 | 0 | 0 | 11 |
| 23 | मिजोरम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | नागालैंड | 0 | 0 | 43 | 0 | 0 | 0 | 43 |
| 25 | ओडिशा | 62 | 2 | 1635 | 127 | 3 | 0 | 1829 |
| 26 | पुडुचेरी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 27 | पंजाब | 282 | 492 | 238 | 17 | 152 | 2080 | 3261 |
| 28 | राजस्थान | 6671 | 3 | 6 | 12912 | 1037 | 0 | 20629 |
| 29 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 30 | तमिलनाडु | 0 | 0 | 204 | 50 | 1 | 0 | 255 |
| 31 | तेलंगाना | 1041 | 0 | 38 | 184 | 162 | 0 | 1425 |
| 32 | त्रिपुरा | 0 | 1 | 2615 | 0 | 0 | 0 | 2616 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 200 | 262 | 1 | 82 | 1 | 0 | 546 |
| 34 | उत्तराखंड | 0 | 0 | 15 | 0 | 3 | 0 | 18 |
| 35 | पश्चिमी बंगाल | 1046 | 8066 | 3809 | 147 | 1 | 0 | 13069 |
| **कुल** | | **13444** | **14755** | **20772** | **13943** | **2030** | **2087** | **67031** |